भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2031

जिसका उत्तर 11 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

कोयला खान पेंशन स्कीम के अंतर्गत पेंशन में संशोधन

2031. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोयला और विद्युत संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूज़) में रोजगार सृजन और कौशल विकास संबंधी वित्तपोषण के लिए क्या नीतिगत ढांचा मौजूद है और 2024-25 के लिए तेलंगाना के पेद्दापल्ली सहित खनन क्षेत्रों में भर्ती संबंधी लक्ष्य क्या निर्धारित किए गए हैं;

(ख) कोयला खान पेंशन स्कीम (सीएमपीएस-1998) के अंतर्गत पेंशन संशोधन की वर्तमान स्थिति क्या है और अनिवार्य तीन वर्षीय पेंशन वृद्धि नीति की समय-सीमा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा ऑल इण्डिया कोल पेन्शनर्स एसोसिएशन की विशेषकर पेद्दापल्ली में सेवानिवृत्त खनिकों के लिए पेंशन वृद्धि संबंधी मांगों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान पीएसयूज़ द्वारा वित्तपोषित कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से तेलंगाना सहित राज्य-वार रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए हैं; और

(ङ) पीएसयू कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए समय पर तीन वर्षीय पेंशन वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु बजटीय प्रावधानों और शिकायत निवारण प्रणाली सहित क्या तंत्र मौजूद है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) कोयला और विद्युत क्षेत्र सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत दिए गए सांविधिक ढांचे और सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम विभाग के मानदंडों द्वारा अभिशासित होते हैं।

तेलंगाना सहित कोयला खनन क्षेत्रों में भर्ती और कौशल विकास कोयला क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा रिक्त पदों के लिए नई भर्ती, अनुकंपा आधार पर नियुक्तियों, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एंड आर) नीति के तहत परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को रोजगार और इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत वित्तपोषित कौशल विकास पहलों के संयोजन के माध्यम से किया जाता है।

सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों में समूह "क" पदों में कार्यपालकों की भर्ती अखिल भारतीय कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं और गेट स्कोरों के माध्यम से केन्द्रीय रूप से की जाती है। वर्ष 2024-25 के दौरान, सीआईएल के भर्ती लक्ष्यों में गेट-2024 के माध्यम से 640 रिक्तियां और सीबीटी-2025 के माध्यम से 434 रिक्तियां शामिल थीं। इसके अलावा, वर्ष 2024-25 के दौरान, सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों में नई भर्ती के माध्यम से 2140 कर्मचारियों (कार्यकारी और गैर-कार्यकारी), अनुकंपा रोजगार के माध्यम से 2800 कर्मचारियों और भूमि वंचित व्यक्तियों हेतु खिलाफ 2140 कर्मचारियों की भर्ती की गई।

सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) में, वर्ष 2024-25 के दौरान 599 रिक्तियों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिनमें से 556 भरी गई थीं।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) ने वर्ष 2024 के दौरान 1032 कर्मचारियों और वर्ष 2025 के दौरान 661 कर्मचारियों की भर्ती की है।

(ख) कोयला खान पेंशन स्कीम, 1998 के पैरा 22 के अनुसार, पेंशन संशोधन प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के अध्यधीन है। नवीनतम बीमांकिक मूल्यांकन (मार्च 2022) ने पेंशन फंड में कमी के कारण वृद्धि की सिफारिश नहीं की गई। हालांकि, दिनांक 08.03.2024 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से, कम से कम तीस साल की अर्हक सेवा के साथ अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों, दस साल की सेवा के बाद स्थायी विकलांगता होने पर विकलांगता पेंशन दिए गए कर्मचारियों और विधवा/विधुर पेंशनभोगियों को प्रति माह 1000 रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की गई है।

(ग) कोयला खान पेंशन योजना, 1998 के प्रावधानों के अनुसार, वृद्धि बीमांकिक सिफारिशों पर निर्भर है। सरकार ने 08.03.2024 से प्रति माह 1000 रुपये की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित करके एक सकारात्मक कदम उठाया है, जिससे पेद्दापल्ली के सेवानिवृत्त खनिकों सहित पात्र पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

(घ) सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियां सीएसआर निधियों के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम चलाती हैं। विवरण अनुबंध I में दिए गए हैं।

एससीसीएल में, पिछले दो वर्षों के दौरान कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए सीएसआर के तहत 53.40 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई, जिससे लगभग 15,000 बेरोजगार युवा लाभान्वित हुए। एससीसीएल के स्थापित कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से सौर तकनीशियन, ड्रोन तकनीशियन, वेल्डिंग और कंप्यूटर अनुप्रयोगों जैसे विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

एनएलसीआईएल कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न उपाय करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

i. एनएलसीआईएल कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार गैर-पीएमकेवीवाई स्कीम के तहत खनन और बिजली क्षेत्र में लगभग 200 कर्मचारियों और संविदा पर काम करने वाले लोगों को कवर करते हुए हर साल एक अपस्किलिंग सह री-स्किलिंग कार्यक्रम रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) आयोजित कर रहा है।
ii. वर्ष 2022-23 से एनएलसीआईएल परियोजनाओं में और उसके आसपास परियोजना प्रभावित परिवारों और बेरोजगार युवाओं के बच्चों के लिए राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) के सहयोग से एक रोजगारोन्मुखी कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।
iii. सीएसआर के तहत एनएलसीआईएल ने अन्नामलाई विश्वविद्यालय में एक कौशल विकास केंद्र की स्थापना की है और हर साल परियोजना प्रभावित गांवों के छात्रों सहित लगभग 50 छात्र इस कौशल विकास केंद्र के माध्यम से डिप्लोमा इन माइनिंग पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहे हैं।
iv. वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 के दौरान की गई अन्य कौशल विकास गतिविधियों का विवरण अनुलग्नक **II** में दिया गया है।

(ङ) कोयला खान पेंशन स्कीम, 1998 के अंतर्गत पेंशन वृद्धि के लिए कार्य तंत्र पैरा 22 में निर्धारित किया गया है जिसमें प्रत्येक तीन वर्ष में बीमांकिक मूल्यांकन का प्रावधान है। भारत सरकार पेंशन निधि को कर्मचारी के वेतन के एक और दो-तिहाई प्रतिशत के बराबर बजटीय सहायता प्रदान करती है, जो वेतन पर निर्धारित सीमा के अधीन है। पेंशनभोगियों की शिकायतों का समाधान सी-केयर्स के तहत आईटी-आधारित शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। सीआईएल सेवा संबंधी शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए ई-निवारण पोर्टल भी प्रचालित करता है।

अनुबंध I

दिनांक 11.02.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2031 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध I

सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 के दौरान शुरू की गईं कौशल विकास गतिविधियां

क्र.सं.	कंपनी	राज्य (यों)	पिछले दो वर्षों में सीएसआर द्वारा वित्तपोषित कौशल परियोजनाओं का विवरण
1	कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)	तेलंगाना	तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिलाई में 800 महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया
2	सीआईएल	उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम	टाटा स्ट्राइव के माध्यम से 755 व्यक्तियों का इलेक्ट्रीशियन, एफ एंड बी स्टीवर्ड, शेफ आदि जैसे ट्रेडों में कौशल विकास
3	सीआईएल	असम	प्लास्टिक इंजीनियरिंग ट्रेडों में 253 युवाओं का कौशल प्रशिक्षण
4	सीआईएल	झारखंड	धनबाद में जनरल ड्यूटी अटेंडेंट (जीडीए) व्यापार में 250 महिलाओं का प्रशिक्षण
5	सीआईएल	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश के तटीय जिले में 800 बीपीएल महिलाओं को सिलाई मशीन और प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करके महिला सशक्तिकरण
6	सीआईएल	ओडिशा	ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में 450 बेरोजगार उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण
7	सीआईएल	झारखंड	ईसीएल के राजमहल क्षेत्र के 90 बेरोजगार अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण
8	ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल)	पश्चिम बंगाल	इच्छापुर पंचायत में 100 लाभार्थियों के लिए सिलाई और आभूषण बनाने का प्रशिक्षण
9	ईसीएल	पश्चिम बंगाल	201 लाभार्थियों के लिए जेमेरी ग्राम पंचायत, सतग्राम क्षेत्र में स्कूल यूनिफॉर्म टेलरिंग यूनिट में प्रशिक्षण के माध्यम से एसएचजी के लिए आजीविका सृजन परियोजना 'आनंदी'

क्र.सं.	कंपनी	राज्य (यों)	पिछले दो वर्षों में सीएसआर द्वारा वित्तपोषित कौशल परियोजनाओं का विवरण
10	ईसीएल	पश्चिम बंगाल	60 लाभार्थियों के लिए ओएस्टर मशरूम की खेती के माध्यम से महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रम
11	ईसीएल	पश्चिम बंगाल	60 लाभार्थियों के लिए ईसीएल मुख्यालय के पास सैंक्टोरिया, दिशेरगढ़ और जोसैडीह क्षेत्र में सीप मशरूम की खेती के माध्यम से महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रम
12	ईसीएल	पश्चिम बंगाल	ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र के कमान क्षेत्रों में 30 लाभार्थियों को कौशल विकास और रोजगार सृजन प्रशिक्षण प्रदान करना
13	ईसीएल	पश्चिम बंगाल और झारखंड	सिपेट द्वारा 403 लाभार्थियों के लिए ईसीएल के कमान क्षेत्र में रहने वाले युवाओं का कौशल प्रशिक्षण
14	ईसीएल	झारखंड	राजमहल क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई, सिकतिया, गोड्डा, झारखंड के संचालन, रखरखाव, प्रबंधन और उन्नयन के लिए 304 लाभार्थियों हेतु
15	ईसीएल	झारखंड	बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार से जुड़ा व्यावसायिक प्रशिक्षण- राजमहल क्षेत्र के तहत परिधान प्रशिक्षण और डिजाइन केंद्र (एटीडीसी) द्वारा 120 लाभार्थियों के लिए सिलाई मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण
16	भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल)	झारखंड	एमएसएमई टूलरूम, कोलकाता (एमएसएमई मंत्रालय) के माध्यम से, ट्रेडों सहायक ऑपरेटर (सीएनसी टर्निंग), जूनियर तकनीशियन (वेल्डिंग), तकनीशियन सीएनसी मशीनिंग हेतु 75 उम्मीदवारों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम
17	बीसीसीएल	झारखंड	200 उम्मीदवारों के लिए सिपेट, रांची के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम
18	बीसीसीएल	झारखंड	राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (एनएसडीसी) (लोडर ऑपरेटर (खनन), माइन इलेक्ट्रीशियन, मल्टी स्किल तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), कस्टमर सर्विस एसोसिएट (वित्तीय सेवाएं), खाद्य और पेय सेवा-एसोसिएट, सौर और एलईडी तकनीशियन

क्र.सं.	कंपनी	राज्य (यों)	पिछले दो वर्षों में सीएसआर द्वारा वित्तपोषित कौशल परियोजनाओं का विवरण
			(इलेक्ट्रॉनिक्स) और आवश्यकता मूल्यांकन के लिए डोर टू डोर सर्वेक्षण द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम
19	बीसीसीएल	झारखंड	सिपेट रांची में 80 उम्मीदवारों के लिए प्लास्टिक प्रसंस्करण व्यापार पर कौशल विकास प्रशिक्षण
20	बीसीसीएल	झारखंड	120 उम्मीदवारों के लिए जीडीए पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
21	बीसीसीएल	झारखंड	बीएफएसआई पर 150 उम्मीदवारों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
22	बीसीसीएल	झारखंड	30 उम्मीदवारों के लिए इंडो डेनिश टूल रूम के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
23	बीसीसीएल	झारखंड	बेल्गारिया पुनर्वास केंद्र (फैशनप्रेन्योर्स का व्यापार) में एनएसडीसी के माध्यम से एमएसडीआई केंद्र की स्थापना
24	सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल)	झारखंड	विभिन्न परियोजनाएं जिन्होंने 337 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए
25	महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)	ओडिशा	विभिन्न परियोजनाएं जिन्होंने 2550 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया, जिनमें से 1843 को देश भर के विभिन्न संगठनों में रखा गया
26	नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल)	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश	760 व्यक्तियों के लिए परियोजनाओं/इकाइयों (ट्रेड्स: सहायक इलेक्ट्रीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सिलाई, सीसीसी, मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर रिवाइंडिंग) में ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
27	एनसीएल	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र में ग्रामीण युवाओं (250) को रोजगार से जुड़े कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना
28	एनसीएल	उत्तर प्रदेश	सिंगरौली और सोनभद्र जिले के स्थानीय युवाओं के लिए 460 व्यक्तियों के लिए आईटीआई/कौशल उत्कृष्टता केंद्र

क्र.सं.	कंपनी	राज्य (यों)	पिछले दो वर्षों में सीएसआर द्वारा वित्तपोषित कौशल परियोजनाओं का विवरण
29	एनसीएल	उत्तर प्रदेश	समझौता ज्ञापन (360), खादिया पर हस्ताक्षर करके आईटीआई दुधी के माध्यम से ग्रामीण युवाओं/परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के व्यापार चालक/टैक्सी चालक में कौशल विकास प्रशिक्षण
30	एनसीएल	उत्तर प्रदेश	350 व्यक्तियों के लिए समझौता ज्ञापन के माध्यम से सरकारी आईटीआई दुधी में कौशल प्रयोगशाला की स्थापना
31	एनसीएल	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र में ग्रामीण युवाओं (400) को रोजगार से जुड़ा कौशल विकास प्रशिक्षण
32	एनसीएल	मध्य प्रदेश	ई-रिक्शा के माध्यम से दिव्यांगजनों के 05 परिवारों को आजीविका का माध्यम प्रदान करना
33	एनसीएल	मध्य प्रदेश	सिंगरौली (मध्य प्रदेश) में 1500 व्यक्तियों के लिए (स्मॉल होल्डर पोल्ट्री)-ब्रॉयलर परियोजना के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के बीच आजीविका के अवसर सृजित करना
34	एनसीएल	मध्य प्रदेश	30 व्यक्तियों के लिए ग्रामीण महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड के उपयोग के संबंध में निर्माण और जागरूकता के लिए सामाजिक उद्यम की स्थापना
35	एनसीएल	मध्य प्रदेश	सोनभद्र जिले की 300 आदिवासी महिलाओं के लिए छोटी पोल्ट्री परियोजना के माध्यम से स्थायी आजीविका स्थापित करना
36	साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल)	छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश	1200 व्यक्तियों के लिए प्लास्टिक इंजीनियरिंग प्रशिक्षण
37	एसईसीएल	मध्य प्रदेश	निम्हा गांव के 104 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को विभिन्न कौशल जैसे सिलाई, एलएमवी ड्राइविंग, बेसिक कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना

क्र.सं.	कंपनी	राज्य (यों)	पिछले दो वर्षों में सीएसआर द्वारा वित्तपोषित कौशल परियोजनाओं का विवरण
38	वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)	मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र	1,314 व्यक्तियों को ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण जैसे: सिलाई और परिधान डिजाइनिंग, मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण, एसी तकनीशियन, भारी मोटर वाहन आदि। प्रशिक्षित व्यक्तियों में से 958 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर मिले।
39	सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल)	झारखंड	जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम), प्लास्टिक इंजीनियरिंग और नेत्र सहायक आदि जैसे विभिन्न ट्रेडों में 740 व्यक्तियों का प्रशिक्षण।
40	सीएमपीडीआईएल	महाराष्ट्र	सीआईपीईटी, चंद्रपुर के माध्यम से सीआईएल/सीएमपीडीआई के कमांन क्षेत्रों के युवाओं के लाभ के लिए प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (120 युवा)
41	सीएमपीडीआईएल	ओडिशा	इंडियन ऑयल के कौशल विकास संस्थान, भुवनेश्वर (एसडीआई-बी) में बेकरी निर्माण पर प्रशिक्षण प्रदान करके 40 बेरोजगार/वंचित युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण

अनुबंध II

दिनांक 11.02.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2031 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध II.

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान एनएलसीआईएल द्वारा शुरू की गई कौशल विकास गतिविधियाँ:

क्रम संख्या	गतिविधि का नाम	राज्य/स्थान	लाभार्थियों की संख्या
वित्तीय वर्ष 2024-25			
1	ग्राम विकास सोसायटी, धारवाड़, कर्नाटक के माध्यम से महिलाओं के लिए ड्रेस डिजाइनिंग और सिलाई पर कौशल विकास प्रशिक्षण।	कर्नाटक	1200
2	मैसर्स नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनपीटीआई) द्वारा बेरोजगार युवाओं के उत्थान के लिए रोजगारोन्मुखी पोस्ट डिप्लोमा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करना।	तमिलनाडु	49
3	कौशल विकास की ओर - अन्नामलाई विश्वविद्यालय (बैच II) में खनन पाठ्यक्रम में डिप्लोमा।	तमिलनाडु	60
वित्त वर्ष 2023-24			
1	विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज एंड सर्विसेज, हैदराबाद के माध्यम से तेलंगाना राज्य के मेडक और संगारेड्डी जिले में "ऑटोमोबाइल मैकेनिक" पर बेरोजगार युवाओं के लिए व्यावसायिक कौशल का संचालन करना।	तेलंगाना	70
2	मैसर्स शांतिगिरी आश्रम के माध्यम से दिल्ली में आयुर्वेद और पंचकर्म उपचार पर वंचित युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।	दिल्ली	5
3	कौशल विकास की ओर - अन्नामलाई विश्वविद्यालय (बैच I) में खनन पाठ्यक्रम में डिप्लोमा।	तमिलनाडु	60

*****